
# 30 DAYS 101 FACTS

ISSUE NO. 02 SEPTEMBER 2021 FREE

पूरे माह के करेंट अफेयर्स का लेखा जोखा सिर्फ 101 तथ्यों में (सभी प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए बेहद उपयोगी )





1. ***परसाराम पट्टाभि केशव रामाचार्युलु*** *ने राज्यसभा के नए* ***महासचिव*** *के रूप में कार्यभार संभाला*
2. ***भारतीय सेना*** *3 से 16 सितंबर तक* ***रूस*** *के निज़नी में बहुराष्ट्रीय अभ्यास* ***ZAPAD 2021*** *में भाग लिया*
3. *भारत के उच्चतम न्यायालय ने हाल ही में* ***दो 40 मंजिला टावरों*** *को गिराने का आदेश दिया है, इन टावरों में* ***850 फ्लैट*** *हैं और इनका निर्माण नोएडा में* ***सुपरटेक लिमिटेड समूह*** *ने किया है*
4. *जम्मू-कश्मीर उपराज्यपाल* ***मनोज सिन्हा*** *ने स्वयं सहायता समूह समूहों की महिलाओं के लिए* ***'साथ'*** *नामक* ***ग्रामीण उद्यम त्वरण कार्यक्रम*** *लांच किया*
5. *असम में* ***राजीव गांधी राष्ट्रीय उद्यान*** *का नाम बदलकर* ***ओरंग राष्ट्रीय उद्यान*** *रखा गया*
6. *टीवी सीरियल* ***'बालिका वधू', 'बिग बॉस 13'*** *के विनर रहे* ***एक्टर सिद्धार्थ शुक्ला*** *का* ***40 साल*** *की* ***उम्र*** *में* ***निधन***
7. *वरिष्ठ नौकरशाह* ***जे.बी. महापात्र*** *को* ***केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (CBDT)*** *का* ***अध्यक्ष*** *नियुक्त किया गया है।*
8. ***राष्ट्रीय शिक्षक दिवस 5 सितम्बर*** *को देश भर में मनाया गया*
9. *छत्तीसगढ़ राज्य सरकार ने* ***'पत्रकार कल्याण कोष'*** *नाम की योजना लागू की है। इस योजना के तहत, COVID में जान गंवाने वाले पत्रकारों के परिवारों को* ***वित्तीय सहायता प्रदान*** *की जाएगी।*
10. *पीएम नरेंद्र मोदी ने* ***शिक्षक पर्व के अवसर पर*** *भारतीय* ***सांकेतिक भाषा शब्दकोश*** *(बधिरों के लिए ऑडियो और टेक्स्ट एम्बेडेड सांकेतिक भाषा वीडियो),* ***टॉकिंग बुक्स*** *(नेत्रहीनों के लिए ऑडियो बुक्स),* ***केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड*** *(CBSE) का स्कूल गुणवत्ता आश्वासन और मूल्यांकन ढांचा,* ***निष्ठा, विद्यांजलि*** *प्रमुख शिक्षा पहलें लांच की*
11. *पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम के तहत गैर-प्राप्ति शहरों में वायु प्रदूषण के नियमन के लिए* ***"प्राण" पोर्टल*** *लॉन्च किया*
12. *आंध्र प्रदेश सरकार ने SBI के पूर्व* ***अध्यक्ष रजनीश कुमार*** *को* ***आर्थिक सलाहकार*** *नियुक्त किया*
13. ***भारत*** *1 दिसंबर, 2022 से* ***G20 की अध्यक्षता*** *करेगा, और* ***2023*** *में पहली बार* ***G20 नेताओं के शिखर सम्मेलन*** *का आयोजन करेगा*
14. *भारत का पहला उपग्रह और बैलिस्टिक मिसाइल ट्रैकिंग जहाज* ***'ध्रुव'*** *विशाखापत्तनम से कमीशन किया जायेगा। इस जहाज का निर्माण* ***हिंदुस्तान शिपयार्ड द्वारा रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन*** *(DRDO) और* ***राष्ट्रीय तकनीकी अनुसंधान संगठन*** *(NTRO) के सहयोग से किया गया है।*
15. *तमिलनाडु सरकार ने हाल ही में दक्षिण-पूर्वी तट पर* ***पाक खाड़ी में*** *भारत का पहला* ***डुगोंग संरक्षण रिजर्व*** *स्थापित करने की अपनी योजना की घोषणा की।*
16. *प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी वर्चुअल फॉर्मेट में* ***13वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन*** *की अध्यक्षता की । इस बैठक में* ***रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन, चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग, दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति सिरिल रामफोसा*** *और* ***ब्राजील के जेयर बोल्सोनारो*** *हुये।*

17. ***आदिवासी कला*** *की बिक्री को बढ़ावा देने के लिए* ***75 भारतीय मिशनों*** *में स्थापित किए जायेंगे* ***'आत्मनिर्भर भारत कॉर्नर'***
18. *HDFC लाइफ* ***6,687 करोड़ रुपये*** *में* ***एक्साइड लाइफ इंश्योरेंस*** *का अधिग्रहण किया*
19. *सरकार ने* ***जे.बी. महापात्रा*** *को* ***केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड*** *का अध्यक्ष नियुक्त किया*
20. *प्रधानमंत्री ने श्री* ***भक्तिवेदांत स्वामी प्रभुपाद*** *जी की* ***125वीं जयंती*** *के अवसर पर एक विशेष स्मारक* ***सिक्का*** *जारी किया*
21. ***जापान प्रधानमंत्री योशीहिदे सुगा*** *ने इस्तीफा देने की योजना की घोषणा की*
22. ***'ब्राइट स्टार'*** *अभ्यास (Exercise Bright Star) एक बहुराष्ट्रीय* ***सैन्य अभ्यास*** *है, जो मिस्र में हर* ***दो साल*** *में एक बार आयोजित किया जाता है। इस वर्ष के अभ्यास में अमेरिका सहित* ***21 देशों*** *की भागीदारी होगी।*
23. *अफगानिस्तान में* ***मुल्ला हसन अखुंड*** *तालिबान की नई सरकार के* ***प्रधानमंत्री नियुक्त, मुल्ला बरादर*** *उनके डिप्टी होंगे*
24. ***एल साल्वाडोर*** *बिटकॉइन को कानूनी मुद्रा के रूप में अपनाने वाला पहला देश बना*
25. *उपराष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, लोकसभा अध्यक्ष ने संयुक्त रूप से* ***संसद टीवी*** *को लांच किया; लोकसभा टीवी और राज्यसभा टीवी के विलय से* ***संसद टीवी*** *बना है*
26. *ताजिकिस्तान की* ***राजधानी दुशांबे*** *में आयोजित* ***SCO (शंघाई सहयोग संगठन)*** *के राष्ट्राध्यक्षों की परिषद की* ***21वीं बैठक*** *में पीएम मोदी वर्चुअल रूप से शामिल हुए*
27. *पद्म श्री पुरस्कार से सम्मानित* ***सैद्धांतिक भौतिक विज्ञानी और ब्रह्मांड विज्ञानी थानू पद्मनाभन*** *का पुणे में* ***निधन***
28. *राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो* ***हर साल 'Crime India' रिपोर्ट जारी करती है***
29. *सिंगरौली बेस्ड- नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (NCL) ने मध्य प्रदेश के सिंगरौली जिले में 75* ***"फुलवारी केंद्र"*** *शुरू करने की घोषणा की है। इस 'फुलवारी' परियोजना का उद्देश्य* ***कुपोषण की समस्या*** *और शिशुओं के शारीरिक और मानसिक विकास की समस्याओं का समाधान करना है।*
30. *भारतीय और इंडोनेशियाई नौसेना 20-22 सितंबर तक जकार्ता में होने वाले* ***दो दिवसीय द्विपक्षीय*** *समुद्री अभ्यास* ***'समुद्र शक्ति'*** *में भाग ले रहे हैं।*
31. ***पंजाब*** *के नए मुख्यमंत्री* ***चरणजीत सिंह चन्नी*** *ने चंडीगढ़ के राजभवन में शपथ ली। वे पंजाब के* ***16वें मुख्यमंत्री*** *बन गये हैं।*
32. *कैबिनेट ने टेलीकॉम सेक्टर में ऑटोमैटिक रूट से* ***100% विदेशी निवेश*** *को मंजूरी दी*
33. *रेलवे* ***रेल कौशल विकास योजना*** *के तहत* ***50,000 युवाओं*** *को प्रशिक्षित करेगा*
34. *काउंसिल ने सस्ते फुटवियर, गारमेंट्स पर* ***जीएसटी बढ़ाकर 12%*** *किया*
35. ***ओजोन परत के संरक्षण*** *के लिए* ***अंतर्राष्ट्रीय दिवस (विश्व ओजोन दिवस) 16 सितंबर*** *को मनाया गया*

36. टाइम मैगजीन की '2021 के 100 सबसे प्रभावशाली लोगों' की सूची में तीन भारतीय शामिल हैं- **पीएम नरेंद्र मोदी, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया के सीईओ अदार पूनावाला**
37. अंतर्राष्ट्रीय **समान वेतन दिवस 18 सितंबर** को मनाया गया
38. **अंतर्राष्ट्रीय शांति दिवस** हर साल **21 सितंबर** को दुनिया भर में सभी देशों और लोगों के बीच शांति के आदर्शों को मजबूत करने के लिए मनाया जाता है।
39. भारतीय सेना **26 से 29 सितंबर** तक कोलकाता में **"बिजॉय सांस्कृतिक महोत्सव"** आयोजित करेगी
40. राष्ट्रपति ने 2019-20 के लिए **राष्ट्रीय सेवा योजना पुरस्कार** प्रदान किए
41. सूचना और प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर द्वारा लद्दाख के लेह में 5 दिवसीय **'हिमालय फिल्म महोत्सव'** का उद्घाटन किया गया
42. **पंडित दीन दयाल उपाध्याय** की जयंती **25 सितंबर** को **अंत्योदय दिवस** के रूप में मनाई गई
43. चक्रवाती तूफान गुलाब **26 सितंबर** की मध्यरात्रि के आसपास **आंध्र प्रदेश -ओडिशा** तटों को पार किया
44. गुजरात में **निमाबेन आचार्य** विधानसभा की **पहली महिला अध्यक्ष** बनीं
45. लेफ्टिनेंट जनरल **गुरबीरपाल सिंह** ने **राष्ट्रीय कैडेट कोर (NCC)** के नए महानिदेशक के रूप में कार्यभार संभाला
46. राजस्थान के **सिरोही, हनुमानगढ़, बांसवाड़ा और दौसा** में प्रधानमंत्री ने **चार जिला मेडिकल कॉलेजों** की आधारशिला रखी
47. **नेपाल** में भारतीय वित्तीय सहायता से पुनर्निर्माण किए गए **6 स्कूलों** का उद्घाटन किया गया
48. **रोहिंग्या शरणार्थियों** के लिए अमेरिका ने **180 मिलियन डॉलर** की मानवीय **सहायता** की घोषणा की
49. परमाणु हथियारों के पूर्ण उन्मूलन के लिए **26 सितंबर** को **अंतर्राष्ट्रीय दिवस** मनाया गया
50. **सानिया मिर्जा** और उनकी चीनी जोड़ीदार **शुआई झांग** ने ओस्ट्रावा ओपन टेनिस में **महिला युगल का खिताब** जीता
51. **ज्योति सुरेखा वेन्नम** ने अमेरिका में **विश्व तीरंदाजी चैंपियनशिप** में महिला कंपाउंड इवेंट में **रजत पदक** जीता
52. मर्सिडीज के ड्राइवर **लुईस हैमिल्टन** ने सोची में रूसी ग्रां प्री में जीत के साथ **100वीं फॉर्मूला वन** रेस जीती
53. अमेरिका ने यूरोप को 19-9 से हराकर **विस्कॉन्सिन (अमेरिका)** में आयोजित **राइडर कप** गोल्फ टूर्नामेंट जीता
54. इक्वाडोर के ग्वायाकिल में **116 लोगों की हत्या** के बाद राष्ट्रपति गुइलेर्मो लासो ने जेल व्यवस्था में **आपातकाल** की घोषणा की

55. अंतर्राष्ट्रीय अनुवाद दिवस **30 सितंबर** को मनाया गया
56. विश्व समुद्री दिवस **30 सितंबर** को मनाया गया
57. युवाओं की रोजगार क्षमता बढ़ाने के लिए केंद्रीय श्रम और रोजगार मंत्री भूपेंद्र यादव ने डिजिटल कौशल कार्यक्रम **डिजी सक्षम** की शुरुआत की
58. **ई.आर. शेख** ने **आयुध निदेशालय** के पहले **महानिदेशक** के रूप में पदभार ग्रहण किया
59. **हरमिलन कौर** बैंस ने वारंगल में **नेशनल ओपन एथलेटिक्स चैंपियनशिप** में महिलाओं की **1500 मीटर में 19 साल** पुराना राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ा
60. प्राइम वॉलीबॉल लीग औपचारिक रूप से **हैदराबाद** में लॉन्च की गई
61. भारत के **पंकज आडवाणी** ने दोहा में **एशियाई स्नूकर खिताब** जीता
62. भारत **के डी. गुकेश** ने जीता **नॉर्वे शतरंज ओपन 2021**
63. टोक्यो पैरालिंपिक में **प्रवीण कुमार** ने पुरुषों की T64 ऊंची कूद में **रजत पदक** जीता
64. टोक्यो पैरालिंपिक में **हरविंदर सिंह** ने रिकर्व तीरंदाजी में **कांस्य पदक** जीता
65. टोक्यो पैरालिंपिक में **अवनि लेखरा** ने 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन एसएच1 में **कांस्य पदक** जीता
66. टोक्यो पैरालम्पिक **खेलों का समापन** हुआ
67. भारत ने टोक्यो पैरालम्पिक खेलों में **5 स्वर्ण पदकों समेत कुल 19 पदक** जीते
68. कलकत्ता में **डूरंड कप** का **130वां संस्करण** शुरू हुआ
69. **कोल इंडिया लिमिटेड** ने युवा मामले और खेल मंत्रालय के **राष्ट्रीय खेल** विकास कोष में **75 करोड़ रुपये** का योगदान दिया
70. मध्य प्रदेश सरकार ने **ओलंपिक हॉकी खिलाड़ी** विवेक सागर को राज्य पुलिस में **डीएसपी नियुक्त** किया
71. **नोएडा** के वर्तमान **जिला मजिस्ट्रेट सुहास लालिनाकेरे यतिराज पैरालिंपिक पदक**जीतने वाले पहले **आईएएस अधिकारी** बन गए हैं।
72. रेमन मैग्सेसे फाउंडेशन द्वारा फिलीपींस में **रेमन मैग्सेसे पुरस्कारों** के **5 विजेताओं की घोषणा** की गयी
73. **बांग्लादेश** के **डॉ. फिरदौसी कादरी** एक वैक्सीन वैज्ञानिक हैं
74. **मुहम्मद अमजद साकिब** पाकिस्तान से माइक्रोफाइनेंस अग्रणी हैं
75. **रॉबर्टो बैलोन फिलिपिनो फिशर** और सामुदायिक पर्यावरणविद् हैं
76. अमेरिका के **स्टीवन मुंसी** मानवीय कार्यों और शरणार्थी सहायता के लिए जाने जाते हैं
77. **वॉचडॉक** खोजी पत्रकारिता के लिए इंडोनेशियाई मशाल वाहक है
78. 15 सितंबर को भारत में **इंजीनियर दिवस** मनाया गया
79. भारतीय उच्चायोग ने **ढाका(बांग्लादेश ) में 57वां भारतीय तकनीकी और आर्थिक सहयोग दिवस** मनाया

८०. बांग्लादेश सीमा पर पेट्रापोल में एकीकृत चेक पोस्ट पर नए यात्री **टर्मिनल भवन का उद्घाटन** किया गया
८१. नागालैंड की विपक्ष रहित सरकार का नाम **यूनाइटेड डेमोक्रेटिक अलायंस (UDA)** रखा गया
८२. सिक्किम सरकार ने मछली के महत्व पर जोर देने और इसके संरक्षण उपायों पर जोर देने के लिए "कूपर महसीर" को राज्य की मछली के रूप में घोषित किया है, इसे स्थानीय रूप से "केटली" नाम दिया है।
८३. जीएसटी परिषद (GST Council) **की 45वीं बैठक** की अध्यक्षता **17 सितंबर, 2021** को लखनऊ में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने की।
८४. कानून और न्याय मंत्रालय ने 17 सितंबर, 2021 को घर-घर न्याय दिलाने के लिए **"एक पहल ड्राइव"** नामक एक अखिल भारतीय विशेष अभियान शुरू किया है।
८५. कर्नाटक सरकार ने हाल ही में एक सर्कुलर जारी कर **प्रेस कॉन्फ्रेंस** करने और नौकरशाहों के बयान जारी करने पर रोक लगा दी है।
८६. नीति आयोग कोविड जैसे संकट से लड़ने के लिए **500 'स्वस्थ शहरों' के निर्माण** की सिफारिश की
८७. **बायजूज** और **नीति आयोग** ने **112 आकांक्षी जिलों** में बच्चों को **मुफ्त शिक्षा प्रदान** करने के लिए साझेदारी की
८८. पैन-आधार लिंकेज की समय सीमा **छह महीने बढ़ाकर मार्च 2022** तक किया गया
८९. अंतर्राष्ट्रीय लोकतंत्र दिवस **15 सितंबर** को मनाया गया
९०. **विश्व लिंफोमा जागरूकता** दिवस 15 सितंबर को मनाया गया
९१. ऑस्ट्रेलिया यूके और अमेरिका की मदद से **परमाणु ऊर्जा से चलने वाली पनडुब्बियों** का अधिग्रहण करेगा
९२. ऑस्ट्रेलिया, यूके और अमेरिका ने हिन्द-प्रशांत क्षेत्र के लिए **नई त्रिपक्षीय सुरक्षा साझेदारी AUKUS** की घोषणा की
९३. **विश्व रोगी सुरक्षा दिवस** 17 सितंबर को मनाया गया
९४. प्रतिवर्ष **18 सितंबर** को **विश्व बांस दिवस** (World Bamboo Day) विश्व स्तर पर मनाया जाता है। इस दिन का उद्देश्य बांस उद्योग और बांस के बागानों के संरक्षण और संवर्धन के बारे में दुनिया की जागरूकता बढ़ाना है।
९५. **विश्व बौद्धिक संपदा संगठन** द्वारा **ग्लोबल इनोवेशन इंडेक्स 2021** जारी किया गया है। इस रैंकिंग में भारत **दो स्थान ऊपर चढ़** गया है और भारत ने **46वां स्थान** हासिल किया है।
९६. भारत ने श्रीलंका को **150 टन मेडिकल ऑक्सीजन** की आपूर्ति भेजी
९७. भारत और यूनाइटेड किंगडम ने **1.2 बिलियन डॉलर** के पैकेज की घोषणा की है, जिसका उद्देश्य एशियाई देशों के हरित विकास के लिए वित्तपोषण में सुधार करना है।

*९८. **फिलानिप्पन 2021** विश्व **स्टाम्प प्रदर्शनी** है, जो हाल ही में टोक्यो, जापान में आयोजित की गई। जापान में डाक सेवा की स्थापना को चिह्नित करने के लिए **1971 से जापान** में हर **10 साल** में यह कार्यक्रम आयोजित किया जाता है। इस वर्ष जापान की **डाक सेवा की 150वीं वर्षगांठ** के रूप में चिह्नित किया गया।*

*९९. नासा ने परसेवेरांस **रोवर द्वारा मंगल ग्रह** पर पहले चट्टान के नमूने के एकत्रित करने की पुष्टि की*

*100. जम्मू और कश्मीर के एलजी ने हाल ही में पर्यटन को बढ़ावा देने और युवाओं के लिए स्थायी रोजगार पैदा करने के लिए **'टूरिस्ट विलेज नेटवर्क'** लॉन्च किया है।*

*101. केंद्र ने **हर्ष भूपेंद्र बंगारी** को **एक्जिम बैंक** का **एमडी** नियुक्त किया*